पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से अंतर्राष्ट्रीय संबंध और पर्यटन पर नेपाली संसदीय समिति के अध्यक्ष श्री राज किशोर यादव के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की

लखनऊ : 06 फरवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय संबंध और पर्यटन पर नेपाली संसदीय समिति के अध्यक्ष श्री राज किशोर यादव के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल जी ने प्रतिनिधि मण्डल से अपने विविध कार्यानुभव साझा किए। उन्होंने प्रतिनिधि मण्डल के प्रवास की जानकारी ली और बतौर मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट नेपाल में उनके कार्य दायित्वों के बारे में पूछा। चाय पर हो रही चर्चाओं के मध्य राज्यपाल जी ने उत्तर प्रदेश में बतौर कुलाधिपति अपने दायित्व पूर्ति के साथ विश्वविद्यालयों की गुणवत्तासुधार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन, आंगनवाड़ी केंद्रों को किट देकर किए गए सुधार, टी0वी0 मुक्त भारत पर प्रधानमंत्री जी के अभियान की दिशा में टी0वी0 ग्रस्त बच्चों को पोषण हेतु गोद लेने की पहल, छोटे बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने के दृष्टिकोण से विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में आमंत्रित करने, सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु बालिकाओं के वैक्सीनेशन की पहल जैसे विविध अनुभव साझा किए। राज्यपाल जी ने नेपाली संसदीय समिति के अध्यक्ष, श्री राज किशोर यादव जी से अपेक्षा की कि उत्तर प्रदेश के जिन विश्वविद्यालयों ने नेपाल के विश्वविद्यालयों के साथ एम.ओ.यू. किए हैं, वे विश्वविद्यालय परस्पर शैक्षणिक आदान–प्रदान, भाषाओं का शिक्षण,

विद्यार्थियों के शैक्षणिक टूर को बढ़ावा प्रदान करें। उन्होंने दोनों देशों के सांस्कृतिक समागम को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।

प्रतिनिधि मण्डल के अध्यक्ष, श्री राज किशोर यादव जी ने राज्यपाल जी को भेंट के लिए धन्यवाद दिया और उनके अनुभवों को साझा करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के विश्वविद्यालयों के मध्य हुए एम.ओ.यू. के तहत शैक्षणिक गतिविधियाँ बढ़ाने को भी विशेष चर्चा बिंदु में रखा। उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे विश्व में तेजी से प्रगति करते हुए देश के रूप में स्थापित है। नेपाल भी भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बढ़ता रहे और हमेशा भारत से जुड़ा रहे। उन्होंने नेपाल और भारत को साझा संस्कृति और विरासत वाला देश बताते हुए कहा कि नेपाल स्थित पशुपति नाथ मंदिर में दक्षिण भारत के पुजारी हैं तथा श्री रामलला मंदिर, अयोध्या में नेपाल के पुजारी हैं, जो हमारी परस्पर सांस्कृतिक एकता की भव्यता है। इसी क्रम में उन्होंने राज्यपाल जी को नेपाल के सांस्कृतिक स्थलों के भ्रमण हेतु सादर आमंत्रित किया।

यहाँ उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय संबंध और पर्यटन हेतु नेपाल की संसदीय समिति के अध्यक्ष, श्री राज किशोर यादव और उनके साथ 11 सदस्यों के आगमन पर राजभवन में भारतीय परम्परानुसार उनका स्वागत किया गया। राज्यपाल जी की ओर से समिति के सदस्यों को भेंट स्वरूप पुस्तक एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किए गए।

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361